# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या :................................................/सम्बद्धता अनु./2019

दिनांक :. ..............................................................

सेवा में,
प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
लखनऊ।

*महत्वपूर्ण/समयबद्ध*

विषय : महाविद्यालय में अनुमोदित प्राचार्य/शिक्षकों के कार्यरत होने की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में प्रायः शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं कि एक ही शिक्षक दो यह दो से अधिक महाविद्यालयों जो कि लखनऊ विश्वविद्यालय से भिन्न विश्वविद्यालयों से सहयुक्त/सम्बद्ध हैं, में अनुमोदित/कार्यरत हैं।

अतः समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों के प्रबन्धतंत्र को निर्देशित किया जाता है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों/विषयों में अनुमोदित/कार्यरत शिक्षकों की सूची अपने महाविद्यालय की वेबसाईट एवं विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर अपलोड करते हुए प्रत्येक शिक्षक से पृथक–पृथक रू0–10 के नान–जुडीशियल स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र कि–''वर्तमान में वह (शिक्षक का नाम......) महाविद्यालय (महाविद्यालय का नाम ............) में अनुमोदित एवं कार्यरत है तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य किसी विश्वविद्यालय के किसी महाविद्यालय में उनका अनुमोदन नहीं है तथा वह कार्यरत नहीं है।'' उक्त शपथ पत्र के साथ मूलरूप में प्रबन्धक के रू0 10/– नान जुडिशियल स्टाम्प पर कि 'शिक्षक द्वारा दिया गया शपथ पत्र सत्य पत्र है' तथा महाविद्यालय की वेबसाईट बनी है एवं कियाशील है, के साथ शिक्षक का शपथ पत्र संलग्न कर इस पत्र के निर्गत होने की तिथि से 10 कार्य दिवस में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।''

भवदीय

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव

संख्या : R/1021-25/19 दिनांक : 21.06.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने व समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुल सचिव